‘पैलेस ऑन व्हील्स’ फिर से दौड़ेगी पटरियों पर

चर्चा में क्यों?

21 जुलाई, 2022 को राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की पहचान ‘पैलेस ऑन व्हील्स’ ट्रेन जल्द ही पटरियों पर दौड़ती नज़र आएगी और पर्यटकों को इसमें यात्रा करने का अवसर मिलेगा।

प्रमुख बिंदु

- धर्मेंद्र राठौड़ ने राजस्थान पर्यटन विकास निगम संचालन मंडल की 188वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।
- उन्होंने कहा कि ‘पैलेस ऑन व्हील्स’ देश-विदेश में बहुत प्रसिद्ध है। निगम द्वारा ट्रेन को फिर से शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने पैलेस ऑन व्हील्स को ओ एंड एम मॉडल पर देने की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।
- उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2022-23 में पर्यटन को उद्योग का दर्ज़ा दिया है। इससे प्रदेश में पर्यटन इकाईयों की स्थापना में मदद मिलेगी, साथ ही पहले से चल रही पर्यटन इकाईयों को भी लाभ मिलेगा। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रदेश में निवेश सहित रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।
- उन्होंने कहा कि मारवाड़ जंक्शन से कामली घाट के बीच हेरिटेज रेल नेटवर्क विकसित करने के भी प्रयास किये जा रहे हैं।
- भारतीय रेल **(Indian Railways)** और राजस्थान पर्यटन विकास निगम **(RTDS)** द्वारा संचालित यह शाही ट्रेन कोरोना महामारी के कारण बंद कर दी गई थी। यह शाही ट्रेन सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से भरपूर है।
- राजशाही सुविधाओं से भरपूर यह ट्रेन सितंबर से अप्रैल के दौरान चलती है। नई दिल्ली से अपनी आठ-दिवसीय यात्रा पर निकलती है। कुल 3,000 किमी. की यात्रा में ट्रेन दिल्ली से पिंकसिटी जयपुर, सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, भरतपुर, आगरा होते हुए वापस दिल्ली आती है।
- गौरतलब है कि दुनिया की जानी-मानी पर्यटन पत्रिका ‘कोंडे नास्ट’ द्वारा राजस्थान की सैर कराने वाली इस लग्ज़री ट्रेन ‘पैलेस ऑन व्हील्स’ को दुनिया की दूसरी लग्ज़री ट्रेवल ट्रेन का दर्ज़ा दिया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/palace-on-wheels